<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–**17 सितंबर** 2026</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ईपीएफओ के अनिवार्य दायरे में शामिल होने के लिए वेतन सीमा को पन्द्रह हजार से बढ़ाकर पचीस हजार रुपये प्रति माह करने को दी मंजूरी। देश भर के इक्यावन लाख कर्मचारियों को मिलेगा लाभ।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज काशी में सेवा संकल्प अभियान का करेंगे शुभारंभ। वाराणसी से गुजरात के वडनगर तक की सेवा यात्रा को दिखाएंगे हरी झंडी।
- मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में चालीस करोड़ रुपए की एक सौ उन्नीस विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास। कहा– प्रदेश में बिना किसी भेदभाव के दिया जा रहा है कल्याणकारी योजनाओं का लाभ।
- स्वच्छता ही सेवा अभियान दो हजार छब्बीस आज से शुरू।

**********

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन– ईपीएफओ के तहत अनिवार्य दायरे में शामिल होने के लिए वेतन सीमा को पन्द्रह हजार रुपये से बढ़ाकर पचीस हजार रुपये प्रति माह कर दिया है। संशोधित वेतन सीमा आज से प्रभावी हो जाएगी। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इससे श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा का दायरा काफी बढ़ जाएगा।

**कैबिनेट में हमारे देशभर में इंडस्ट्रीज में काम करने वाले जो कर्मचारी हैं उनके लिए एक बहुत बड़ा निर्णय लिया है। प्रोविडेंट फंड का जो नियम है उस नियम में अब तक फिफ्टीन थाउजेंड रूपीस की सीलिंग रहा करती थी। यह सीलिंग 2014 में तय की गई थी, इसको बढ़ाकर 25 हजार रुपए पर मंथ सैलेरी पर लेकर आ गए हैं, इससे करीब 51 लाख एम्प्लॉइज को इसका बेनिफिट मिलेगा।**

कैबिनेट के इस निर्णय से सरकार का वार्षिक व्यय लगभग ग्यारह हजार तीन सौ उन्तालीस करोड़ रुपये होने का अनुमान है। इस मंजूरी से भविष्य निधि बचत तक पहुंच बढ़ेगी और कर्मचारी पेंशन योजना के अंतर्गत पेंशन सुरक्षा का विस्तार होगा।

**वेतन की सीमा बढ़ाने का फैसला देश में सभी कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा से जोडने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। फिलहाल अगर कोई नया कर्मचारी हर महीने 15 हजार रुपये से अधिक वेतन पर नौकरी शुरू करता है तो वह अपने आप कर्मचारी भविष्य निधि यानी ईपीएफ के दायरे में नहीं आता था। वहीं अब वेतन सीमा को बढ़ाकर 25 हजार रुपये करने से अब बड़ी संख्या में कर्मचारी सामाजिक सुरक्षा की व्यवस्था से जुड़ सकेंगे। इससे स्थायी और औपचारिक रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। दीपेन्द्र कुमार, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कैबिनेट के फैसले का स्वागत करते हुए एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इस दूरदर्शी निर्णय से इक्यावन लाख से अधिक अतिरिक्त कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा के मजबूत कवच का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि भविष्य निधि, पेंशन और बीमा का सुनिश्चित लाभ मिलने से श्रमिकों का भविष्य पूरी तरह सुरक्षित होगा और लाखों कामगारों को एक स्थायी तथा सम्मानजनक कार्य–व्यवस्था भी प्राप्त होगी।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सात अक्टूबर को शासन प्रमुख के तौर पर पचीस वर्ष के सेवाकाल पूरा होने के अवसर पर आज से सत्रह अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान' शुरू हो रहा है। प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर उनके संसदीय क्षेत्र वाराणसी के श्री काशी विश्वनाथ धाम में आज विशेष आयोजन होंगे।

**प्रधानमंत्री के जन्मदिन के मौके पर श्री काशी विश्वनाथ धाम में विशेष पूजन–अर्चन और रुद्राभिषेक किया जाएगा। इसके साथ ही वाराणसी से वडनगर तक की सेवा यात्रा पर निकलने वाले 500 युवा बाइकर्स का सम्मान भी किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत अन्य अतिथि मौजूद रहेंगे। प्रदेश के सहकारिता राज्य मंत्री जे.पी.एस. राठौर ने बताया कि युवा बाइकर्स को सेवा यात्रियों के रूप में झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। बाइक यात्रा के शुभारंभ से पहले काशी स्थित ज्योतिर्लिंग काशी विश्वनाथ का पवित्र नदियों के जल से अभिषेक किया जाएगा। इस विशेष यात्रा के निमित्त प्रमुख नदियों एवं पवित्र संगमों जैसे गंगा, यमुना, आमी, राप्ती, नर्मदा, गोमती, बेतुआ, अलकनंदा, कुआनो, वरुणा एवं सरयू सहित संगम का पवित्र जल एकत्रित किया गया है। सुशील चंद्र तिवारी, आकाशवाणी समाचार लखनऊ।**

प्रदेश के सहकारिता राज्य मंत्री जे.पी.एस. राठौर ने बताया कि सेवा यात्रा पर निकलने वाले युवा बाइकर्स अगले माह गुजरात के वडनगर पहुंचेंगे।

**एक सेवा यात्रियों के रूप में फ्लैग ऑफ करके झंडी दिखा कर हमारे सभी अतिथि गण उनको विदा करेंगे और उसके बाद इस यात्रा पर जगह–जगह पड़ाव रहेंगे और इस प्रकार से आगे यात्रा बढ़ेगी और दूसरे प्रदेशों से होते हुए मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ से होते हुए गुजरात पहुंचेगी। इसमें 20 दिन का समय लगेगा। 7 अक्टूबर तक ये वडनगर पहुंचेगी यात्रा।**

आज से शुरू हो रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत राज्य में बारह प्रमुख कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें 'आशीर्वाद का दीया', 'मेरे सपनों का भारतः चित्र सेवा', 'नमो सेवा–अनकही कहानियां', 'सेवा ज्योति कलश यात्रा', 'वडनगर से वाराणसी यात्रा' और 'सुशासन सेवा संवाद' प्रमुख हैं। एक रिपोर्ट–

**अभियान की शुरुआत 'सेवा दिवस–आशीर्वाद का दीया' से होगी। शाम 7 बजे नागरिक अपने घरों और प्रतिष्ठानों पर दीप प्रज्वलित कर सेवा और 'विकसित भारत–2047' के सामूहिक संकल्प से जुड़ेंगे। प्रदेश में प्रमुख विकास कार्यों और अवस्थापना परियोजनाओं से जुड़े चयनित स्थलों पर भी दीप प्रज्वलन किया जाएगा। अस्पतालों में फल वितरण, रक्तदान शिविर और विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर टूल किट वितरण जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री एवं अभियान के प्रभारी योगेंद्र उपाध्याय के मार्गदर्शन में अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए शासन से लेकर जनपद स्तर तक त्रिस्तरीय समन्वय व्यवस्था बनाई गई है। अभियान के माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व पिछले वर्षों में हुए विकास कार्यों से जनजीवन में आए सकारात्मक बदलावों को आमजन तक पहुंचाया जाएगा। प्रदेश के मुख्य सचिव एसपी गोयल ने इस अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं। ओम अवस्थी आकाशवाणी समाचार कक्ष।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल गोरखपुर में चालीस करोड़ रुपए की एक सौ उन्नीस विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने कल्याण मण्डपम् का उद्घाटन भी किया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के दिया जा रहा हैं।

**बिना भेदभाव के हर गरीब को शासन की सुविधा का लाभ प्राप्त हो रहा है। गरीब को राशन की सुविधा का लाभ, गरीब को आवास की सुविधा का लाभ, गरीब को शौचालय की सुविधा का लाभ, गरीब को उज्जवला योजना के कनेक्शन का लाभ और युवा को नौकरी की गारंटी लगातार ये सुविधाएं आज प्राप्त हो रही हैं।**

इससे पहले मुख्यमंत्री ने कल ही इंडियन मेडिकल एसोसिएशन गोरखपुर की तरफ से संचालित चैरिटेबल ब्लड बैंक सेंटर का उद्घाटन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि अब प्रदेश की पहचान वन डिस्ट्रिक्ट, वन मेडिकल कॉलेज से बन रही है।

**गोरखपुर में आज दो मेडिकल कॉलेज, चार विश्वविद्यालय आज गोरखपुर के अंदर संचालित हैं। महाराजगंज में मेडिकल कॉलेज बन गया, कुशीनगर में मेडिकल कॉलेज संचालित हो गया, देवरिया में मेडिकल कॉलेज संचालित हो गया, सिद्धार्थनगर में मेडिकल कॉलेज संचालित हो गया, बस्ती में मेडिकल कॉलेज का संचालन हो गया, बलरामपुर, बहराइच, गोंडा, अयोध्या, अंबेडकरनगर। इन सभी जनपदों में मेडिकल कॉलेज प्रारंभ हो गए हैं।**

मुख्यमंत्री ने कल शाम को गोरखपुर के दो दिवंगत अधिवक्ताओं के घर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके परिजनों को पंद्रह–पंद्रह लाख रूपये की सहायता राशि के चेक सौंपे। पिछले छह सितम्बर को एक हादसे में दोनों अधिवक्ताओं की मौत हो गई थी।

**********

देश भर में आज से स्वच्छता ही सेवा अभियान दो हजार छब्बीस शुरू हो गया है। यह अभियान सत्रह अक्टूबर तक चलेगा। इस वर्ष अभियान का विषय है– 'स्वच्छता में सहभाग, स्वच्छ भारत, विकसित भारत'। यह विषय स्वच्छ और विकसित भारत के लक्ष्य को आगे बढ़ाने में सामूहिक भागीदारी और साझा जिम्मेदारी के महत्व को दर्शाता है।

**********

सरकार ने केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड का तत्काल प्रभाव से तीन साल की अवधि के लिए पुनर्गठन किया है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने बताया कि पुनर्गठित बोर्ड में विनोद अनुपम, मनोज जोशी, हंसराज हंस, प्रीति जिंटा, पंकज त्रिपाठी, रिकी केज, सुनील शेट्टी, रूपा गांगुली और प्रियदर्शन सहित अट्ठारह सदस्य शामिल हैं। पुनर्गठित बोर्ड में प्रदेश के अयोध्या जिले से यतींद्र मिश्र को भी शामिल किया गया है।

**********